# प्रदेश के कई जिलों में बरसात व ओलावृष्टि का दौर जारी, खेतों में खड़ी फसल को नुकसान की आशंका

### प्रदेश के कई शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है

## सादुलपुर के कई गांवों में हल्की बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे

### ओलावृष्टि से चने की फसल में नुकसान की आशंका

**सादुलपुर,** (निसं)। अंचल के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि से पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला हुआ है। जिसके चलते शनिवार को तेज हवा और बादलों की तेज गरज व चमक के साथ पूरे दिन रुक-रुक कर बूंदाबांदी, बारिश, आंधी व औलावृष्टि का दौर जारी रहा।

वहीं राजगढ़ उपखंड के ग्रामीण क्षेत्र में ओलावृष्टि से चने की फसल में भी नुकसान की आशंका है तथा कुछ जगह तेज आंधी एवं बूंदाबांदी से सरसों एवं गेहूं की फसल आडी तिरछी होने से शत प्रतिशत नुकसान की आशंका है। सिंचित क्षेत्र में गेहूं की फसल में अधिकांश बालियां फूट रही हैं और उसमें दाना पड़ने एवं पकने की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में तेज आंधी बूंदाबांदी से फसल धाराशाई हो जाने से उपज में विपरीत संकेत नजर आ रहे हैं। शनिवार दोपहर अचानक मौसम का मिजाज बदलने से सिद्धमुख के धागडा के आसपास के गांवों तेज ओलावृष्टि एवं राजगढ़ तहसील के बीजांवास में हल्की बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे। राघा बडी, राघा छोटी, थान मठुई, जीराम का बास, ढाणी खुडानी, कामाण, भोजाण, खैरु बड़ी, गागडवास, भाकरां व सुधीवास आदि दर्जनों गांवों में तेज अंधड़, हल्की बारिश बूंदाबांदी के समाचार हैं।

भाकरां के किसान बनवारी लाल व चंद्रभान ने बताया कि अबकी बार रबी फसल ठीक-ठाक दिख रही थी, लेकिन गत पश्चिमी विक्षोभ से उभरे ही नहीं थे, कि उसके बाद एक के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ से धूल भरी आंधी से सरसों गेहूं की पकी फसलों में आडी तिरछी हो जाने से फल-फूल-फाल में शत प्रतिशत नुकसान की आशंका है, जिसमें उत्पादन में विपरीत असर रहेगा।



ओलावृष्टि व आंधी से फसल में नुकसान हो गया।

## डूंगरपुर शहर में अचानक तेज अंधड़ के साथ बारिश हुई

### बारिश से सीवरेज की लाइनें धंसी, वाहन फंसे

**डूंगरपुर,** (निसं)। शनिवार भौर से ही आकाश में बिजली की गर्जना व हल्की बूंदाबांदी के साथ ही मौमस में अचानक बदलाव आ गया था। दिन में बादलों व सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। लेकिन शाम चार बजे बाद अचानक तेज अंधड़ के साथ तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। जो कुछ समय तक चला लेकिन उससे कई छोटे मोटे पेड़ धराशाई हो गये।

दूसरी ओर न्यू कॉलोनी व शास्त्री कॉलोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज के लिए खोदी गई लाइनों से मलबा धंस गया और एक से डेढ़ फीट के गड्ढे पड़ गये। उन मार्गो से गुजरने वाले वाहनों के पहिये इन गड्ढे में धंस गये। वहीं भीतरी शहर में नालियों से उफान कर सारा कचरा सड़कों पर पसर गया। और गंदगी चारों ओर फैल गई।

डूंगरपुर शहर में भी पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। सुबह दिन खुलने के साथ ही आसमान में बादल मंडराए और घनघोर बादलों की वजह से दिन खुलने के बाद भी अंधेरे का अहसास हुआ। वहीं, सुबह करीब 8.15 बजे बाद बादलों की तेज गर्जना हुई। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी का दौर भी शुरू हो गया।



शहर में बे-मौसम बारिश के चलते कई वाहन फंस गये।

## छबड़ा में बारिश ने किसानों पर बरपाया कहर, ओले गिरे

### बारिश के साथ आए चने के आकार के ओलों से भारी नुकसान हुआ

**छबड़ा,** (निसं)। पूरे परिवार की महीनों की मेहनत के बाद जब किसान की फसल तैयार होती है तो उसे देखकर वो गदगद हो जाता है, लेकिन तैयार फसल जब किसी प्राकृतिक आपदा में बर्बाद हो जाए तो पूरे किसान परिवार के लिए खून के आंसू रोने वाले दिन आ जाते हैं। शनिवार को ऐसा ही कुछ नजारा छबड़ा क्षेत्र में देखने को मिला। जब बेमौसम की बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। हवा के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी क्षति हुई।

- **फसलें नष्ट होने से किसानों के सामने परिवार के जीवनयापन का संकट**

पश्चिमी विक्षोभ के कारण अचानक क्षेत्र में हवा के साथ हुई बारिश ने खेतों में खड़ी फसल को गिरा दिया। वहीं अफीम की फसल में चीरे लगाने का दौर शुरू हो गया है। ऐसे में चीरे लगी हुई फसल में बरसात के चलते काफी नुकसान हुआ है एवं ओलावृष्टि के चलते गेहूं और धनिया, सरसों की फसल में भी काफी नुकसान की संभावना बताई जा रही है। बारिश, ओलावृष्टि से फसलों की क्वालिटी पर बड़ा असर पड़ सकता है। इससे किसानों को बड़ा आर्थिक नुकसान होने की जानकारी भी मिली है।

किसानों का कहना है कि इसी फसल से उन्हें कर्जा चुकाने, बेटा-बेटी की शादी करने और परिवार का खर्चा चलाने के लिए पैसों की आवक की उम्मीद थी, लेकिन आंधी, बारिश व ओलावृष्टि ने उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया।

भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष अशोक गौड के अनुसार सेवनखेडी, पिलीढाई, रूपारेल, जैपला, खानाखेडी, मानकचौक आदि गांवों में बारिश के साथ आए चने के आकार के ओलों से भारी नुकसान हुआ है। धनिए की फसल तो बिल्कुल नष्ट हो चुकी है। उन्होने प्रशासन से फसल खराबे का सर्वे करवाकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।



छबड़ा क्षेत्र में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

## निवाई उपखंड में बरसात होने से किसान चिंतित

**निवाई,** (निसं)। शहर सहित उपखंड क्षेत्र में शनिवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे। शुक्रवार की देर रात तक आकाशीय बिजली की तेज गड़गड़ाहट के साथ बरसात का दौर चलता रहा। बरसात होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई।

शुक्रवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे। दोपहर बाद हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज बरसात का दौर शुरू हुआ जो देर रात तक जारी रहा। इस दौरान बादलों की तेज गडगडाहट एवं आकशीय बिजली के तेज धमाकों से लोग सहम उठे। शनिवार को भी दिनभर आसमान में काले बादल छाने से दिनभर अंधेरा छाया रहा एवं बूंदाबांदी होने से किसान सहित आमजन प्रभावित रहा। शहर सहित गांव पहाड़ी, खिडगी, करेडा बुजुर्ग, दत्तवास, बस्सी, मूण्डिया, गुंसी, लुहारा, भूरटिया, कोथून, बड़ागांव, मण्डालिया, भांवता, भांवती, दहलोद, ललवाडी, सेदरिया, कुरावदा, श्रीरामपुरा, सिरोही, करीरिया, भरथला, नोहटा, जामडोली, बहड़, सिंदरा, पहाड़ी, पराणा, बरोनी, बरथल एवं चैनपुरा में बरसात हुई। गांवों के किसानों ने बताया कि बरसात होने से खेतों में खडी फसलों की भी नष्ट होने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कटी हुई फसले भी खलिहानों में पडी हुई है। जिनकी भी खराबा होने की चिंता लगी हुई है।

## आकाशीय बिजली गिरने से मकान धराशाही

### कोई हताहत नहीं हुआ

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बरसनी क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत फलामादा में आकाशीय बिजली गिरने से दो मंजिला मकान मलबे में तब्दील हो गया। हादसे से कुछ समय पहले ही परिजन घर से बाहर निकल कर बाड़े में बंधी गाय और भैंस को घास व पानी पिलाने चले गए। इसी के चलते कोई जनहानि नहीं हुई।

ग्रामीणों के अनुसार प्रकाश पिता रामस्वरूप शर्मा अपनी गाय और भैंस को मकान के पास ही बाड़े में घास व पानी पिलाने गए। तभी अचानक मौसम के बदले मिजाज के साथ साथ आकाशीय बिजली गिरने से मकान धराशाई हो गया। गनीमत तो यह रही कि परिवार के कुछ सदस्य घर के बाहर ही टहल रहे थे उस वक्त घर में कोई मौजूद नहीं थे। कमरे में रखे फ्रिंज, सिलाई मशीन, खाद्य सामान अन्य कीमती सामान मलबे में दब गए। घटना की सूचना परिजनों ने शंभूगढ़ पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। मलबे में दबी खाद्य सामग्री को परिवार जनों ने बाहर निकाला।

## उदयपुर में पश्चिमी विक्षोभ का असर, मूसलाधार बारिश से सर्दी लौटी

### बारिश से साढ़े छह डिग्री गिरा तापमान, किसानों की चिंता बढ़ी

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में पश्चिमी विक्षोभ के असर के चलते एक बार फिर में बदलाव देखा गया है। देर रात हल्की बारिश के बाद सुबह ही से रूक-रूक कर बारिश का क्रम जारी रहा। दोपहर 12 बजे बाद मध्यम क्रम की तो शाम करीब 4.30 बजे तेज मूसलाधार बारिश हुई। बारिश ने एक बार फिर तापमान को नीचे ला दिया है और मौसम में ठंडक घोल दी है। इधर, मौसम विभाग ने उदयपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने की संभावनाएं जताई है।

- **जिले में तैयार गेहूं, सरसों की फसलों पर इस बारिश से नुकसान हुआ, मौसम विभाग ने उदयपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया**

लेकसिटी में निरंतर बढ़ रहे तापमान के बीच जहां अब पंखे चलना शुरू हो गए थे। वहीं शुक्रवार देर रात से बदले मौसम ने एक बार फिर सर्दी का अहसास करा दिया है। दिन के समय गायब हुई ठंड आज फिर महसूस होने लगी है। वहीं तापमान में भी साढ़े छह डिग्री की गिरावट हुई है। मौसम विभाग डबोक से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को शहर का अधिकतम तापमान 33 डिग्री से साढ़े छह डिग्री गिरकर 26.5 डिग्री पर आ गया है। न्यूनतम तापमान हालांकि दो डिग्री से अधिक बढ़कर 16.4 डिग्री से 18.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

इधर, मौसम विभाग ने उदयपुर जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए तेज हवाएं चलने व ओलावृष्टि की संभावना जताई है। वहीं दिनभर रूक-रूक बारिश का क्रम जारी रहा। इधर, बदले मौसम का यह रूख आगामी तीन दिनों तक बरकरार रहेगा। सर्दी की इस बारिश ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। जिले में तैयार गेहूं, सरसों की फसलों पर इस बारिश से नुकसान हुआ है।

## पड़ौसियों के बीच खूनी संघर्ष, एक वृद्ध की मौत

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के आड़सर बास में शनिवार को दो पड़ौसियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि एक वृद्ध की मौत हो गई है। इसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच करने में जुटी है। अभी तक दोनों ही पक्षों की ओर से पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है।

शनिवार सवेरे आडसर बास गांव में दो पड़ौसियों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना अधिक बढ़ गया कि दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। जहां एक पक्ष की 50 वर्षीय महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। उसको तुरंत श्रीडूंगरगढ़ अस्पताल लाया गया। जहां से उसको बीकानेर रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान एक पक्ष के वहां खड़ा वृद्ध बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। उसको तुरंत अस्पताल लेकर आए। बताया जा रहा है कि जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया है। हाल फिलहाल अभी तक मौत के कारण सामने नहीं आए है। बताया जा रहा है कि एक-दो अन्य लोगों को भी चोटें आई है।

## जलदाय मंत्री के काफिले में घुसी बाइक, चालक की कार की टक्कर से मौत

### जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे पर चौसला के पास हुआ हादसा

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत कर जयपुर लौट रहे राज्य सरकार के केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की सुरक्षा में डिग्गी थाना पुलिस की हुई भारी चूक के चलते काफिले में घुसे बाइक चालक की काफिले के एक वाहन से हुई टक्कर के बाद उपचार के दौरान ट्रोमा सेंटर जयपुर में मौत हो गई।

जानकारी में सामने आया कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का काफिला जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाईवे से जयपुर की और जा रहा था। मंत्री के काफिले को डिग्गी थाना पुलिस एस्कोर्ट देते हुये जिले की सीमा तक ले जा रही थी। डिग्गी थाना क्षेत्र के चौसला गांव के पास सामने से आ रहे एक बाइक सवार युवक की बाइक मंत्री के काफिले में अचानक घुस जाने से केबिनेट मंत्री के वाहन चालक ने अपनी सूझबूझ से बाइक को बचाने का प्रयास किया जिसमें मंत्री की सरकारी गाड़ी अन्य वाहन से भिड़ जाने से आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में केबिनेट मंत्री व उनकी कार में सवार अन्य व्यक्ति बाल-बाल बच गये लेकिन बाइक चालक मंत्री के काफिले में शामिल एक कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। वही बाइक व कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक के पांव पर कार चढ़ जाने से युवक का पांव कई जगह से फ्रैक्चर हो जाने से युवक अचेत हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बूलेंस की सहायता से घायल युवक को डिग्गी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिन्ताजनक हालत में युवक लक्ष्मण गुर्जर पुत्र हजारी गुर्जर निवासी बाहेडा हाल निवासी जयपुर को उपचार के लिये जयपुर रैफर किया। जहां ट्रोमा सेन्टर में उपचार के दौरान मौत हो गई।



हादसे का शिकार बाइक चालक।

- **टक्कर के बाद घायल की उपचार के दौरान ट्रोमा सेंटर जयपुर में मौत हो गई**
- **हादसे में केबिनेट मंत्री व उनकी कार में सवार अन्य व्यक्ति बाल-बाल बच गये**

डिग्गी पुलिस की केबिनेट मंत्री की सुरक्षा व एस्कोर्ट में हुई भारी चूक व लापरवाही पर थानाधिकारी कप्तान सिंह ने पर्दा डालने के लिये घटनास्थल से मंत्री की कार को तत्काल हटा दिया। जानकारी चाहने पर थानाधिकारी ने बाइक की एक कार से टक्कर होने की जानकारी दी। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हुये घटना के वीडियो में मंत्री की क्षतिग्रस्त कार सहित एक अन्य काफिले की कार का दृश्य उजागर होने के बाद भंडाफोड़ हो गया। इतना ही नहीं घटना के तीन घंटे बाद मंत्री के मालपुरा कार्यालय से जारी एक प्रेस रिपोर्ट में स्वयं मंत्री ने स्वीकारा कि उनके काफिले की कार से बाइक को टक्कर लगी है।

## 17 लाख से अधिक हुए नीट-यूजी में आवेदन

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल इलेजिब्लिटी कम एंट्रेंस एग्जाम (नीट-यूजी-2024) की आवेदन प्रक्रिया जारी है। लगातार बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स आवेदन कर रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 मार्च है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि 5 मई को होने वाली इस परीक्षा के लिए अब तक 17 लाख से अधिक स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके हैं। इस वर्ष परीक्षा के लिए गत वर्ष के मुकाबले और अधिक स्टूडेंट्स के आवेदन करने की संभावना है। यह संख्या इस वर्ष 21 लाख से अधिक हो सकती है। गत वर्ष इस परीक्षा में 20 लाख 87 हजार 462 ने रजिस्ट्रेशन करवाया था और 20 लाख, 38 हजार 596 ने परीक्षा दी थी। इस वर्ष आवेदन करने वाले संख्या 21 लाख से अधिक होने का अनुमान है। यह परीक्षा 1 लाख 9 हजार एमबीबीएस, 26 हजार डेंटल के साथ युनानी, होम्योपैथ, वैटनरी, आयुर्वेद व नर्सिंग की मिलाकर करीब 2 लाख सीटों के लिए होगी।

## दुष्कर्मी को बीस साल की सजा

**जालोर,** (कासं)। पॉक्सो न्यायालय जालोर के विशिष्ट न्यायाधीश हुकमसिंह राजपुरोहित ने दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। पॉक्सो न्यायालय के विशिष्ट लोक अभियोजक मुमताज अली सैयद के अनुसार पीड़िता के पिता ने सांचोर पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से अचानक गायब हो गई थी।


**जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय**
मदाऊ, भांकरोटा-मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026,
वेबसाईट :- www.jrrsanskrituniversity.ac.in, ई - मेल :- jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स :- 0141-2850551-75

क्रमांक :- प.()/जरारासंविवि/पीएसएसटी/24/ दिनांक :-

**शिक्षाशास्त्री (दो वर्षीय) एवं शास्त्री-शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय) एवं प्री-शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम में सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु नवीन आवेदन पत्र प्राप्त करने तथा शिक्षाशास्त्री (दो वर्षीय) एवं शास्त्री-शिक्षाशास्त्री (चार वर्षीय) द्वितीय काउंसलिंग आयोजन कार्यक्रम की सूचना**

विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षाशास्त्री (दो वर्षीय) एवं शास्त्री-शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम (चार वर्षीय) एवं प्री-शिक्षाचार्य पाठ्यक्रम सत्र 2023-24 में प्रवेश हेतु नवीन आवेदन पत्र भरने एवं शिक्षाशास्त्री (दो वर्षीय) एवं शास्त्री-शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम (चार वर्षीय) हेतु ऑनलाईन द्वितीय काउन्सलिंग के साथ रजिस्ट्रेशन करने, महाविद्यालय चयन एवं महाविद्यालयों में रिपोर्टिंग करने का कार्यक्रम निम्नानुसार जारी किया जाता है –

| | |
|---|---|
| 1. नवीन छात्रों द्वारा आवेदन की दिनांक | – दिनांक 04.03.2024 से 12.03.2024 तक |
| 2. आवेदन शुल्क | – राशि रूपये 500/– |
| 3. पंजीयन शुल्क एवं महाविद्यालयों का चयन | – दिनांक 04.03.2024 से 12.03.2024 |
| 4. पंजीयन शुल्क | – राशि रूपये 5000/– |
| 5. छात्रों को महाविद्यालय आवंटन की सूचना प्राप्ति की दिनांक | – दिनांक 14.03.2024 |
| 6. पाठ्यक्रम शुल्क | – राशि रूपये 21930/– |
| 7. आवंटित महाविद्यालय में रिपोर्टिंग एवं शुल्क जमा करने की दिनांक | – दिनांक 14.03.2024 से 20.03.2024 तक |

नोट – उक्त विज्ञापन के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.jrrsanskrituniversity.ac.in पर देखें।

कुलसचिव एवं समन्वयक
PSST, PSSST-2023-24

राज.संवाद/सी/23/14097